# नईदुनिया

तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.0° | 29.0° |
| इंदौर | 22.0° | 33.0° |
| जबलपुर | 23.0° | 29.0° |
| ग्वालियर | 24.0° | 32.0° |
| सागर | 23.0° | 30.0° |

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 299, पृष्ठ 12)
अश्विन, प्रतिपदा संवत् 2083
रविवार, 27 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



**राजधानी...** हम जो कहते, करके भी दिखाते हैं : डॉ. यादव ...


**खेल...** विश्व कप 2027 भारत के लिए मेरा आखिरी, खिताब जीतना...


**व्यापार...** अमेरिकी अधिकारी बोले- अंतिम मुद्दों पर ...


**देश-विदेश...** नवंबर में खत्म हो जाएगा ट्रंप का राज, न्यूसम ने ....

## खास-खबरें

### वृद्धाश्रम में रह रहे विनोद कांबली

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह ठाणे स्थित निदान सेंटर फॉर एल्डरली केयर में नजर आ रहे हैं। कांबली ने वीडियो में कहा कि यहां अच्छी सुविधाएं हैं और उन्हें लोगों से प्यार व सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा महसूस नहीं होता कि वह घर से दूर हैं। हालांकि, उनके वृद्धाश्रम में रहने की पुष्टि नहीं हुई है।

### यूट्यूबर के घर एक करोड़ की चोरी

**नईदुनिया ब्यूरो, नागरकोइल :** तमिलनाडु के नागरकोइल में महिला यूट्यूबर के घर से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के 220 सॉवरेन सोने के गहने चोरी हो गए। घटना अंतना नादर कुडियिरुप्पु के पास स्थित वीआईपी गार्डन में हुई। परिवार के सदस्य बच्चे के जन्मदिन के लिए खरीदारी करने गए थे। देर रात लौटने पर घर का पिछला दरवाजा टूटा मिला। पहली मंजिल के बेडरूम में रखी अलमारी भी टूटी हुई थी और उसमें रखे गहने गायब थे। पुलिस को आशंका है कि महिला के सोशल मीडिया पोस्ट और रील्स से चोरों को गहनों की जानकारी मिली। मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

### नगालैंड में जहरीली शराब से 19 मौतें

**नईदुनिया ब्यूरो, कोहिमा :** नगालैंड में जहरीली शराब पीने से दो दिनों में 19 लोगों की मौत हो गई। मोकोकचुंग जिले में आठ और तुएनसांग जिले में 11 लोगों की मौत हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शराब पीने के बाद कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और बाद में उनकी मौत हो गई। घटनाओं के बाद पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी कर 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान करीब 3000 शराब की बोतलें जब्त की गईं। मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया गया है। शराब के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए गुवाहाटी भेजे गए हैं।

### करंट लगने से चार युवकों की मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, मंडला :** नैनपुर क्षेत्र के हीरापुर गांव में शनिवार सुबह गणेश पंडाल में करंट फैलने से चार युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हुए हैं। इनमें एक की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया गया कि गणेश प्रतिमा के विसर्जन के बाद आठ युवक पंडाल में सो रहे थे। इसी दौरान बिजली का तार टूटकर उनके ऊपर गिर गया और करंट फैल गया। मृतकों की पहचान रवि झरिया (24), जेनू भांवरें (19), कृष्ण कुमार भांवरें (18) और वीरेंद्र भांवरें (24) के रूप में हुई है। सभी मजदूरी करते थे, जबकि कृष्ण पढ़ाई के साथ मजदूरी करता था।

### आत्मघाती हमले में 11 लोगों की मौत

**डेरा इस्माइल खान, एजेंसी :** पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान जिले में शनिवार को पुलिस चौकी के पास आत्मघाती हमला हुआ। विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 30 लोग घायल हुए हैं। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार, हमलावर ने विस्फोटकों से भरे वाहन को सड़क किनारे स्थित पुलिस चौकी के पास ले जाकर धमाका किया। हमले के कुछ समय बाद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इसकी जिम्मेदारी लेने का दावा किया। पाकिस्तान में हाल के वर्षों में टीटीपी सहित विभिन्न आतंकी संगठनों की गतिविधियां बढ़ी हैं। पाकिस्तान में इस साल आतंकी घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।

**45 लाख आबादी के हिसाब से योजना, आईटी-एआई हब बनाने पर जोर**

# टाइगर राजधानी का 2047 प्लानः विकास की रफ्तार, प्रकृति का पहरा

- भौंरी में ईकेएआई सिटी और 123.62 किमी मेट्रो नेटवर्क प्रस्तावित
- योजना में 1016.90 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 254 गांव शामिल
- 51 किलोमीटर नया बायपास और करीब 3000 हेक्टेयर भूमि में ग्रोथ कॉरिडोर
- शहर के बाहर बायपास और दोनों तरफ 50-50 मीटर ग्रीन बेल्ट प्रस्तावित
- पुराने भोपाल के 175 हेक्टेयर क्षेत्र और झुग्गी पुनर्विकास शामिल
- सीलिंग मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश लागू रहेंगे

### सीलिंग मामले में फिलहाल राहत नहीं





### रातापानी टाइगर रिजर्व

नए मास्टर प्लान अनुसार भोपाल का क्षेत्रफल चारों ओर से बढ़ेगा। इसमें रातापानी टाइगर रिजर्व का क्षेत्र भी है। प्राकृतिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों के संरक्षण पर जोर दिया गया है। भोजताल, वन क्षेत्रों और बाघों के मूवमेंट एरिया को संरक्षित रखने का प्रावधान है। भोजताल रामसर साइट भी शामिल है।



गणेश अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर लंबे अंतराल के बाद भोपाल विकास योजना-2047 के प्रारूप का प्रकाशन किया गया है। यह योजना भोपाल की प्राकृतिक धरोहर भोजताल, वन क्षेत्रों एवं बाघ भ्रमण क्षेत्र के संरक्षण के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं, सुगम मोबिलिटी और आर्थिक विकास के अवसर उपलब्ध कराने की दृष्टि से तैयार की गई है। योजना में हरित टीडीआर का प्रावधान किया गया है, जिससे हरित क्षेत्र में आने वाली भूमि के स्वामियों की क्षतिपूर्ति के साथ विकासकर्ताओं को टीडीआर के माध्यम से अतिरिक्त विकास की सुविधा मिल सकेगी। समृद्ध, सुगम और विकसित भोपाल के संकल्प की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रकाशित प्रारूप पर नागरिक अपने आपत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

**- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री।**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के मास्टर प्लान-2047 का ड्राफ्ट शनिवार को जारी किया गया। इसमें 45 लाख की आबादी के हिसाब से शहर के विकास की योजना बनाई गई है। दिलचस्प बात है कि इसमें विकास के साथ पर्यावरण व वन्य प्राणी संरक्षण पर भी ध्यान दिया गया है। ड्राफ्ट में 123.62 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क, 51 किलोमीटर नया बायपास और करीब 3000 हेक्टेयर भूमि में ग्रोथ कॉरिडोर प्रस्तावित किया गया है। भौंरी में एआई आधारित ईकेएआई सिटी विकसित करने की योजना है। रहवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक का प्रावधान रखा गया है। राजधानी का चारों ओर से विस्तार में रातापानी टाइगर रिजर्व का क्षेत्र भी शामिल रहेगा। इस कारण यह देश की पहली टाइगर राजधानी रहेगी। भोजताल, वन क्षेत्रों और बाघों के आवागमन वाले क्षेत्रों के संरक्षण पर भी जोर दिया गया है।

ड्राफ्ट में कनेक्टिविटी, आवास, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। पुराने भोपाल के 175 हेक्टेयर क्षेत्र और झुग्गी पुनर्विकास को भी योजना में शामिल किया गया है। ग्रीन टीडीआर, निजी परिसरों में लगे सीसीटीवी को पुलिस नेटवर्क से जोड़ने, किफायती और किराये के आवास को बढ़ावा देने तथा पार्किंग सुविधाएं बढ़ाने के प्रावधान किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, जिन क्षेत्रों का भू-उपयोग स्पष्ट रूप से रहवासी निर्धारित है, वहां व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। ऐसे मामलों में सीलिंग की कार्रवाई हो सकती है। बड़ी सड़कों के आसपास व्यावसायिक गतिविधियों के लिए स्थान प्रस्तावित किए गए हैं। जिन क्षेत्रों का भू-उपयोग स्पष्ट रूप से रहवासी या व्यावसायिक तय नहीं है, वहां मिश्रित उपयोग पर विचार किया जा सकता है।

मास्टर प्लान के ड्राफ्ट से रहवासी जमीन पर चल रहे कारोबार को तत्काल राहत नहीं मिलेगी। नागरिकों से दावे, आपत्तियां और सुझाव लिए जाएंगे। लंबित मामलों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार अंतिम मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

करीब 3000 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित ग्रोथ कॉरिडोर के जरिए ईकेएआई सिटी, एयरपोर्ट, प्रस्तावित सीएमयू, लॉजिस्टिक और थोक बाजार क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा। इसमें होटल, अस्पताल, आईटी और एआई, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, मॉल, कार्यालय, शिक्षा केंद्र और आवास विकसित करने का प्रावधान है। ग्रोथ कॉरिडोर को रेडियल मार्गों से जोड़ने और सार्वजनिक परिवहन के लिए बीआरटीएस कॉरिडोर विकसित करने की योजना है।

विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम और इंदौर रोड को भी ग्रोथ कॉरिडोर के जरिए भोपाल से जोड़ने का प्रस्ताव है। निवेश क्षेत्र की बाहरी सीमा पर ग्रीनफील्ड बायपास और दोनों ओर 50-50 मीटर की हरित पट्टी प्रस्तावित है। योजना में 1016.90 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 254 गांवों को शामिल किया गया है। भौंरी के शिक्षा केंद्र को ईकेएआई सिटी के रूप में विकसित कर एआई आधारित ज्ञान अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने की योजना है।

## योगी ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर इस मुलाकात की जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। हालांकि, मुलाकात के दौरान किन विषयों पर चर्चा हुई, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच समय-समय पर विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठकें होती रही हैं। इस मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## छूटे नाम वालों के घर जाएँगे बीएलओ

- एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की बैठक, फॉर्म-6 के जरिए नाम शामिल कराने की प्रक्रिया जारी



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर शनिवार को नई दिल्ली स्थित चुनाव आयोग मुख्यालय में बैठक हुई। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू तथा डॉ. विवेक जोशी मौजूद रहे। आयोग ने बताया कि बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम पूरा हो चुका है। जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में छूट गया है या जो नए मतदाता हैं, वे नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सर्वसम्मति से एसआईआर का निर्णय लिया गया था। जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है, उनके घर जाकर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) दस्तावेज एकत्र करेंगे। इन दस्तावेजों को ईसीआईनेट पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्रीय अधिकारी मामले पर निर्णय लेंगे। जरूरत पड़ने पर ऑनलाइन सुनवाई भी की जा सकेगी। बैठक में दिल्ली और महाराष्ट्र में दावे तथा आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा 30 अक्टूबर 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दिल्ली में मामलों का निपटारा 30 नवंबर और महाराष्ट्र में 10 नवंबर तक किया जाएगा। गोवा में छूटे मतदाताओं के लिए ब्लॉक अधिकारी घर-घर जाकर फॉर्म-6 एकत्र करेंगे।

आयोग के अनुसार, मतदाता सूची में नाम नहीं होने या छूट जाने की स्थिति में फॉर्म-6 के माध्यम से नाम शामिल कराने का दावा किया जा सकता है।

## भारत ने एक ही दिन जीते कबड्डी में दो गोल्ड मेडल



**नागोया (जापान), एजेंसीः** एशियन गेम्स में भारत के लिए शनिवार का दिन शानदार रहा। भारतीय महिला और पुरुष कबड्डी टीम ने फाइनल में ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीते। महिला टीम ने ईरान को 37-34 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने 40-34 से जीत दर्ज की। पुरुष कबड्डी टीम ने एशियन गेम्स में लगातार 10वीं बार पदक जीता, जबकि महिला टीम ने लगातार पांचवें एशियाड में पदक अपने नाम किया। पुरुष कबड्डी के फाइनल में ईरान ने पहले हाफ के अंत तक 18-17 की बढ़त बनाई थी। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ने वापसी करते हुए मुकाबले पर पकड़ बनाई। सुमित ने डिफेंस में अहम टैकल किए, जबकि अर्जुन देशवाल ने रेडिंग में अंक जुटाए। भारत ने 21-21 की बराबरी के बाद बढ़त बनाई और अंत में 40-34 से मुकाबला जीत लिया।

- महिला और पुरुष टीम ने फाइनल में ईरान को हराया
- मैराथन और शूटिंग में सिल्वर

एथलेटिक्स में तजिंदरपाल सिंह तूर ने पुरुष शॉटपुट में रजत पदक जीता। पुरुष मैराथन में सावन बरवाल ने 2 घंटे 11 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। एशियन गेम्स की पुरुष मैराथन में भारत को 44 साल बाद पदक मिला है। स्क्वॉश में अनाहत सिंह और अभय सिंह ने अपने-अपने सिंगल्स फाइनल में जगह बनाई। अनाहत ने जापान की सातोमी वतनाबे को 3-2 और अभय ने पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को 3-0 से हराया। महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम स्पर्धा में भारत ने रजत पदक जीता। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जापान को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के अब तक 4 स्वर्ण, 11 रजत और 13 कांस्य सहित 28 पदक हो गए हैं।

### उत्तराखंड में बर्फबारी चारधाम यात्रा रोकी

**नईदुनिया ब्यूरो, देहरादूनः** उत्तराखंड में शनिवार को चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई। वहीं, पिथौरागढ़-घाट सड़क पर भूस्खलन के कारण 300 से अधिक वाहन फंस गए। मौसम खराब होने के चलते चारधाम यात्रा दो दिनों के लिए रोक दी गई है। अर्नब चक्रवात के प्रभाव से उत्तर प्रदेश और बिहार समेत आठ राज्यों में तेज बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी में बना मौसमी तंत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत 14 राज्यों में मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

## नाबालिग पत्नी से संबंध बनाना पॉक्सो के तहत अपराधः दिल्ली हाईकोर्ट




**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 वर्षीय लड़की से यौन संबंध के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत विवाह का दावा पॉक्सो अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों से छूट नहीं देता। अदालत के अनुसार, 18 वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति पॉक्सो के तहत बच्चा है और उसकी सहमति यौन संबंध को अपराध से बाहर नहीं करती।

मामले में आरोपी की उम्र 28 वर्ष और लड़की की उम्र विवाह के समय करीब 16 वर्ष बताई गई है। दोनों ने परिवारों की सहमति से मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार विवाह किया था। बाद में महिला के गर्भवती होने पर सरकारी अस्पताल में जांच के दौरान उसकी उम्र सामने आई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपी ने अदालत में दलील दी कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार यौवन प्राप्त कर चुकी लड़की विवाह कर सकती है और विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच संबंधों को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। महिला ने भी विवाह अपनी इच्छा से होने की बात कही और आरोपी के पक्ष में जमानत का समर्थन किया। अदालत ने स्पष्ट किया कि पॉक्सो अधिनियम में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के साथ यौन संबंध के लिए उसकी सहमति को कानूनी बचाव नहीं माना जाता।

### शहबाज ने पानी रोकने पर भारत को दी चेतावनी

**न्यूयॉर्क, एजेंसीः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के साथ सिंधु जल संधि और कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या मोड़ने की किसी भी कोशिश को पाकिस्तान युद्ध की कार्रवाई मानेगा। उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया। शहबाज ने 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य तनाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि उनके हस्तक्षेप से दोनों देशों के बीच बड़ा टकराव टला।

**रिपोर्ट** *ट्रंप ने ईरान के सात दिन के संघर्षविराम प्रस्ताव को ठुकराया...*

## मध्यावधि चुनाव के बाद ईरान पर हमला कर सकता अमेरिका



**वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसीः** ईरान और अमेरिका के बीच जारी सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के सात दिन के संघर्षविराम प्रस्ताव को ठुकराए जाने की रिपोर्ट सामने आई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि ट्रंप नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव के बाद ईरान पर फिर से हमले शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं। यह जानकारी अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी गई है।

ईरान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिका के सामने सात दिन की योजना रखी थी। इसके तहत संघर्ष रोकने, होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने और इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करने का प्रस्ताव था। ईरान ने यह प्रस्ताव मध्यस्थों के माध्यम से अमेरिका तक पहुंचाया था। शनिवार को ईरान ने कहा कि वह अमेरिकी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान तैयार है, लेकिन इसके लिए क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई समाप्त होना जरूरी है। ईरान ने अपने शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की भी इच्छा जताई है।

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि यदि अमेरिका प्रस्ताव स्वीकार करता है तो उसी दिन दोनों देशों के बीच बातचीत शुरू हो सकती है। उन्होंने दोनों देशों के बीच भरोसे की कमी को भी प्रमुख समस्या बताया है।

ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर कड़ा रुख अपनाया था। उन्होंने कहा था कि ईरान के सामने समझौते का रास्ता है। उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि मध्यावधि चुनाव के बाद समझौते की संभावना हो सकती है।

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद ईरान ने इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अमेरिका का कहना है कि उसका उद्देश्य ईरान की परमाणु क्षमता को कमजोर करना है, जबकि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण बताता रहा है।